रोहतक
गुरुवार 23 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 42.5
न्यून. 18.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 लगातार हार के बाद भी फ्रेंच ओपन खेलना चाहती हैं वीनस




# कांग्रेस में गुटबाजी हावी, गुलाबी गैंग से पार्टी में डर का माहौल : कैप्टन अभिमन्यु

## ■ पूर्व वित्तमंत्री बोले- पंजाब की जनता भाजपा को विकल्प के तौर पर देख रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में गुटबाजी हावी है और गुटों के ऊपर एक तथाकथित गुलाबी गैंग का प्रभाव है, जिससे सभी को डर लगता है, पार्टी में कई नेता असहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण जनता का कांग्रेस नेताओं पर भरोसा कम होता जा रहा है। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब प्रदेश की सियासत अब इस तरह के मुकाम पर आ गई है, जहां पर वहां की जनता एक मात्र विकल्प के तौर पर भाजपा को देख रही है। जनता ने मन बना लिया है, कि झूठ और कोरे वादे वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए। भाजपा प्रदेश को गति देने का संकल्प ले चुकी है, आने वाला वक्त पंजाब में भाजपा का है, पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सफल रैली ने साबित कर दिया है कि पंजाब में जनता क्या चाहती है। कैप्टन अभिमन्यु ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने पंजाब की जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल की, लेकिन अपने वादे पूरे नहीं किए। इससे लोगों में निराशा फैली है और वे अब नए विकल्प की तलाश में हैं। राज्यसभा सीटों को लेकर विवाद पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस की तो हार हुई है, इस चुनाव में कर्मवीर बौद्ध की किस्मत जोर मार रही थी। कांग्रेस अंदर से टूटी हुई है, यह इस चुनाव ने साबित कर दिया है। अब से पहले भी राज्यसभा के चुनावों में खेला होता रहा है, यह कोई नई बात नहीं है।

### विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा देश के सामने आया



पूर्व मंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को लेकर भाजपा की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है, लेकिन विपक्ष के विरोध और नकारात्मक रवैये ने देश की महिलाओं के सामने उनका असली चेहरा उजागर कर दिया है। महिलाओं को उनके अधिकार देने के लिए केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण लागू करने का फैसला किया, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का रवैया इसके विपरीत रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घबराहट में है और उसे अपना भविष्य अस्थिर नजर आ रहा है। देश में परिसीमन के बाद लगभग 850 सांसद सीटों पर चुनाव होने हैं, जिसमें सभी को अवसर मिल सकता है, लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ ही परिवारों ने वर्षों से इन सीटों पर कब्जा कर रखा है। इसी कारण जातिवादी, परिवारवादी और क्षेत्रवादी ताकतों को महिला आरक्षण से असहजता हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यही वजह है कि इन दलों ने परिसीमन और महिला आरक्षण दोनों का विरोध किया।

### मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहे जनप्रिय नेता की छवि बनी

पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी अच्छा काम कर रहे हैं, इसी कारण वे हरियाणा के जनप्रिय नेता बन चुके हैं। आए दिन लोगों से मिलना और जनहित के काम करने वाले सैनी प्रदेश की बागडोर को बेहतर ढंग से संभाल रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कि कि कांग्रेस और विपक्ष के पास में हरियाणा के लिए कोई भी सोच नहीं है। हरियाणा प्रदेश के आम लोगों के लिए उनके पास कोई कार्यक्रम और सोच नहीं है, उनका काम विरोध करने के लिए विरोध करते हैं, मात्र परिवार की राजनीति को जिंदा रखने की कवायद में जुटे हैं। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता उनको गंभीरता से नहीं लेते। कांग्रेस के अंदर गुटबाजी हावी है।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की लहर

पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने पंजाब, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में भाजपा की स्थिति को बेहद मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव की लहर चल रही है। भाजपा हिंसा की राजनीति खत्म करेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता सरकार की तुष्टीकरण की नीतियों से मुक्ति चाहती है। ममता सरकार की भय की राजनीति भी अब चलने वाली नहीं है, जनता को भाजपा की और देख रही है।

### परिसीमन समय की जरूरत : कैप्टन

वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान में परिसीमन की जरूरत है, क्योंकि एक लोकसभा सीट के तहत पंद्रह लाख तक लोग आते हैं, जिनको सुनना एक सांसद के लिए बेहद ही कठिन है। इंग्लैंड जैसे देशों में डेढ़ डेढ़ लाख लोगों की एक संसदीय सीट है, जिससे वहां के सांसद बेहतर तरीके से काम कर पा रहे है। वर्तमान में बढ़ती आबादी के हिसाब से सीटों का बढ़ना जनहित और देश हित में हैं।

### आप ने पंजाब के लोगों को धोखा दिया

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का कहना है कि पंजाब की जनता को लुभाकर आप नेताओं ने वोट तो ले लिए, लेकिन आप ने जनता को ठगने का ही काम किया। पंजाब की जनता अब विकल्प के तौर पर भाजपा को देख रही है। हरियाणा जिस तरह से 2014 में जैसे सरकार बनी है, उसी तरह से पंजाब में भी सरकार का गठन होगा। आप ने पंजाब की जनता को धोखा देने का काम किया।

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण पर भाजपा की दोहरी राजनीति बेनकाब



**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस से बातचीत के दौरान कहा महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी की कार्यप्रणाली की आलोचना की। सैलजा ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2023 में संसद में प्रस्तुत महिला आरक्षण अधिनियम का कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष ने बिना किसी शर्त के समर्थन किया था, क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

## मुख्यमंत्री ने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी पर उद्योगपतियों से किया सीधा संवाद

# 1000 करोड़ का निवेश करेगी कॉन्टिनेंटल पैनासोनिक झज्जर प्लांट की क्षमता बढ़ाएगी

### हरियाणा उद्योगों के लिए अनुकूल राज्य, नई नीति से इसे और मजबूत किया जाएगा : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा सरकार नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी को अंतिम रूप देने के लिए उद्योगपतियों से सीधा संवाद कर रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली के हरियाणा भवन में देश की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नई औद्योगिक नीति को अंतिम रूप देने से पहले उद्योग जगत से सीधे संवाद कर रही है, ताकि उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को नीति में शामिल किया जा सके। बुधवार को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ ड्राफ्ट इंडस्ट्रियल पॉलिसी और सेक्टोरल नीतियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि नई नीति का उद्देश्य निवेशकों को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। इस मौके पर कॉन्टिनेंटल कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत दोरेस्वामी ने बताया कि कंपनी मानेसर में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है, जिसके लिए करीब 1000 करोड़ रुपये का प्रारंभिक निवेश प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजना की औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने झज्जर स्थित अपने प्लांट की उत्पादन क्षमता 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख एसी यूनिट प्रतिवर्ष करने की योजना साझा की। इसके लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

### 10 आईएमटी विकसित करने की योजना

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप विकसित करने की योजना है। अंबाला और नारायणगढ़ में भूमि खरीद की प्रक्रिया जारी है। साथ ही जापानी कंपनियों के लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कंपनियां हरियाणा में निवेश करना चाहती हैं, उनके साथ सरकार लगातार संपर्क में है। उद्योगपतियों के सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है, ताकि नीति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले से ही उद्योगों के लिए अनुकूल राज्य है और नई नीति से इसे और मजबूत किया जाएगा।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर

उद्योग विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि सरकार विकसित भारत के विजन के अनुरूप विकसित हरियाणा के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से उद्योगों को तेज व पारदर्शी सेवाएं देने पर जोर दिया जा रहा है।

### एक्सपोर्ट सब्सिडी के लिए स्लैब तैयार करने के निर्देश

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक्सपोर्ट सब्सिडी में विभिन्न स्लैब तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक कंपनियां निर्यात के लिए प्रोत्साहित हों।

### वजीरपुर से झज्जर तक सड़क को 6-लेन किया जाएगा

उद्योगपतियों द्वारा बेहतर सड़क संपर्क की मांग पर मुख्यमंत्री ने बताया कि वजीरपुर (गुरुग्राम) से झज्जर तक सड़क को 6-लेन किया जाएगा और चंदू बाईपास को भी मंजूरी दी जा चुकी है।

### एयरोस्पेस में 3000 करोड़ रुपये का निवेश संभावित

एयरोस्पेस इंडिया के प्रतिनिधि कंवर विजय सिंह ने बताया कि कंपनी भारत में डिफेंस सेक्टर में लगभग 3000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है, जिसमें हरियाणा भी संभावित स्थानों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस निवेश के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से अनुसंधान एवं विकास और नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया, ताकि हरियाणा को औद्योगिक नवाचार का अग्रणी केंद्र बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के टेक्सटाइल एक्सपोर्टरों से भी बैठक की। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सरकार उद्योगों को विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### गुणवत्तापरक शिक्षा पर सरकार का फोकस

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्कूल शिक्षा प्रोजेक्ट परिषद की स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर वर्षा खांगवाल ने बुधवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम में परिषद से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और शिक्षक प्रशिक्षण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष फोकसस्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर वर्षा खांगवाल ने बैठक में शिक्षक प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र में ग्रुप डिस्कशन को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि शिक्षक आपस में अनुभव साझा कर सकें और बेहतर तरीके से सीख सकें। यह केवल प्रशिक्षण का मामला नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी को शिक्षित करने की जिम्मेदारी है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 83 दिनांक 23.03.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस & 84 जे. जे. एक्ट थाना बड़ी जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम जैस्मीन ।
पिता का नाम - अशोक कुमार।
पता - वासी गांव पीपली खेड़ा सोनीपत हरियाणा ।
उम्र-15 वर्ष।
कद-5 फुट 3 ईन्च।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर है।
पहनावाः- सफेद रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में स्लीपर पहने हुए है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.03.2026 को जैस्मीन पुत्री अशोक कुमार वासी गांव पीपली खेड़ा सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं जो अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7827151581
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/4712/2027/44751/88/6 दि. 22.04.2026



**THE BHIWANI CENTERAL CO-OPERATIVE CONSUMER STORE LIMITED, BHIWANI**

**DETAIL NOTICE INVITING TENDER**

e-Tender is invited on the prescribed tender form from transporters for transportation work for the period from 01.04.2026 to 31.03.2027 in single stage two cover system i.e. request for pre-qualification/Technical Bid (online Bid under Technical Envelope) and request for Financial Bid (comprising of price bid proposal under online available Commercial Envelope) for the transportation of:-

1. Doorstep delivery of goods and commodities under PDS and other Welfare scheme to Fair price Shops in Bhiwani City from FCI/Agency/CONFED Godowns/Store Godowns/Flour Mill (empanelled by HAFED). Transportation of Wheat From FCI/Agency godown to flour mill (empaelled by HAFED).

The prescribed tender form containing detailed terms and conditions can be obtained from https://etenders.hry.nic.in. The e-tender duly completed with requisite earnest money shall be opened by the District level Transport Committee (DLTC) under the Chairmanship of Deputy Commissioner Bhiwani.

The schedule of e-tender is as under:

| Group | Release of tender at 05.00 PM | Last date of registration with portal | Opening of technical bid | Opening of financial bid and negotiation |
|---|---|---|---|---|
| Group-A (Urban Bhiwani) | 22.04.2026 | 28.04.2026 Up-to 11:00 AM | 28.04.2026 at 12:00 Noon | As Decided by Committee |

Tender document fees is Rs. 2000/- per tender which is non-refundable.

Interested parties may remain present at the time of opening of e-tender for making negotiation, if any.

The undersigned reserve the right to cancel/reject all or any tender without assigning any reason thereof.

**Sd/- General Manager,**
**The Bhiwani Centeral Co-operative Consumer Store Ltd. Bhiwani**


### विस स्पीकर ने राज्यपाल से की भेंट



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को प्रदेश राज्यपाल प्रो. असीम घोष से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान हरियाणा विधान सभा के 27 अप्रैल को होने वाले सत्र को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। विधान सभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को अवगत कराया कि हरियाणा मंत्री परिषद द्वारा 27 अप्रैल को विधान सभा का सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सत्र के संभावित कार्यों पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा मंत्रिमंडल ने बुधवार को गुरुग्राम में आयोजित बैठक के दौरान विधान सभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। इस सत्र में राज्य के महत्वपूर्ण विधायी एवं नीतिगत विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

### हरियाणा ने पब्लिक हेल्थकेयर क्वालिटी में राष्ट्रीय मानकों को पास किया : मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम और कायाकल्प अवार्ड इनीशिएटिव्स के तहत राष्ट्रीय मानकों को पार कर लिया है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने ये बात चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने 1,560 सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को प्रमाणित किया है, जिससे 57 प्रतिशत सर्टिफिकेशन दर हासिल हुई है। यह दिसंबर, 2025 के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत लक्ष्य से काफी अधिक है। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के तहत हरियाणा देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | LHB EOG AC कोचों में उच्च क्षमता वाले कपलर और फीडर केबलों का प्रावधान। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 15/05/2026 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 21/04/2026 |
| पूर्व बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 6,06,27,615.30/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 12,12,600/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली प्रारंभ तिथि | 01/05/2026 | बोली समाप्ति तिथि | 15/05/2026 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/W/Elect/25-26/T/19/कप्लर और फीडर केबल 1330/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति, महेंद्रगढ स्थित नारनौल**

अभिरूचि की अभिव्यक्ति

जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति, नारनौल उत्कृष्ट संस्थाओं, फर्मो से सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित कनज्युमेबल आईटम्स (कारट्रेज, स्टेशनरी) की खरीद तथा कम्प्युटर, प्रिंटर, यू.पी.एस. व कारट्रेज आदि की रिपेयरिंग के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति टैण्डर के माध्यम से आमंत्रित करती है। निर्धारित प्रारूप व अन्य जानकारी जिला महेंद्रगढ की वैब साईट (http://mahendergarh.gov.in) एवं सरल केंद्र नारनौल से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में अपनी अभिरूचि उचित दरों के साथ सरल केंद्र नारनौल में दिनांक 29.04.2026 दोपहर 15.00 बजे तक सम्मिलित कर सकते हैं। जोकि दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 1.00 बजे नगराधीश कार्यालय में खोली जाएगी।

जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति, नारनौल प्राप्त प्रस्ताओं में से बिना कोई कारण बताए किसी एक का चयन करने या एक या सभी को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रख्ती है।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति
महेंद्रगढ स्थित नारनौल


# अंबाला में वाहन फर्जीवाड़े पर एक्शन में विज एसडीएम और आरटीओ कार्यालयों की होगी जांच



■ परिवहन मंत्री ने विभाग के एसीएस को प्रदेश भर में विजिलेंस जांच करवाने को कहा

**चंडीगढ़।** परिवहन मंत्री हरियाणा अनिल विज ने अंबाला जिला के चारों उप-मंडल (नागरिक) कार्यालयों में बड़े स्तर पर वाहनों के पंजीकरण में कथित धांधली की खबरों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी उप-मंडल (नागरिक) कार्यालयों और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (नागरिक) की गहन जांच राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से करवाई जाए। परिवहन मंत्री ने राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। विज ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की अनियमितताएं केवल अंबाला तक सीमित नहीं हो सकतीं, बल्कि राज्य के अन्य उप-मंडल कार्यालयों और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में भी हो सकती हैं, इसलिए पूरे राज्य स्तर पर जांच आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि अंबाला में एसडीएम कार्यालयों के माध्यम से तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों में अधूरे पतों पर वाहनों के पंजीकरण के मामले सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है। इसके अलावा, धूल, रेत, मिट्टी तथा अन्य ढीले निर्माण सामग्री ढोने वाले वाहनों द्वारा बिना ढके परिवहन किए जाने पर भी मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया है।

### ओला- उबर का करवाना होगा पंजीकरण

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** सूबे में चलने वाले ओला -उबर टैक्सियों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराना होगा, इतना ही नहीं हरियाणा में जल्द ही पंजीकरण की एवज में ली जाने वाली फीस में अच्छा खासा इजाफा होने जा रहा है। यह इजाफा देश के बाकी राज्यों में होने वाले पंजीकरण के लिए ली जाने वाली राशि की समीक्षा कर करने का प्रस्ताव है। विभाग के अफसरों ने इस बारे में प्रदेश के परिवहन, श्रम और ऊर्जा मंत्री को अवगत करा दिया है। सूत्रों का कहना है कि खुद ओला उबर कंपनी के प्रतिनिधियों ने परिवहन विभाग के आला अफसरों से मुलाकात कर पंजीकरण करने और उसकी विधिवत फीस लेने की अपील की है। इससे जहां राज्य परिवहन विभाग के पास में इस तरह की टैक्सियों का ब्योरा एक क्लिक पर सामने होगा। वहीं गाड़ी चालकों के नंबरों के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र हो सकेगी। चालकों का पूरा ब्योरा और दस्तावेज जमा होने से उन पर मानसिक दबाव और अनुशासन में रहने का दबाव रहेगा। साथ ही होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेनिंग आदि देने का काम भी हो सकेगा। कुल मिलाकर प्रदेश के अंदर टैक्सियों के पंजीकरण की फीस बढ़ाने के साथ ही इसे अनिवार्य तौर पर जमा कराने के प्रस्ताव पर मंत्री ने मुहर लगा दी है। जल्द ही इस दिशा में कदम उठाने की तैयारी है। अभी तक दोनों कंपनियों अथवा बाकी की कितनी गाड़ियां चल रही हैं, इस तरह का कोई भी ब्योरा विभाग के पास में नहीं हैं। उबर कंपनी के कईं देशों के वाइस प्रेजिडेंट संजय चड्ढा का कहना है कि सरकार इस दिशा में कदम उठाए, हम उसका स्वागत करेंगे। चड्ढा का कहना है कि उन्होंने खुद आला अफसरों के साथ में मुलाकात कर इस विषय पर लंबी चर्चा की थी।


**DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL**
Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email: dmhfd-nrl@hafed.gov.in

**E-Tender**

**Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced transport contractor for handling and transportation/distribution of food grains under Anganwari Scheme and MDM scheme for Mahendergarh district for the period from 01.06.2026 to 31.03.2027 as per scheduled given below: -**

| S. No. | Particulars | For Anganwari scheme | For MDM scheme |
|---|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 23.04.2026 (11.00 AM) to 13.05.2026 (5.00 PM) | From 23.04.2026 (11.00 AM) to 13.05.2026 (5.00 PM) |
| 2 | Online submission of Bid | Up to13.05.2026 (5.00 PM) | Up to13.05.2026 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 14.05.2026 at 11.30 AM | On dated 14.05.2026 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 14.05.2026 at 2.30 PM or as decided by the committee | On dated 14.05.2026 at 2.30 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**District Manager, Hefed, Narnaul.**

रोहतक
गुरुवार 23 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 42.5
न्यून. 18.9

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## केदारनाथ धाम के कपाट खुले भक्तों ने किए महादेव के दर्शन

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा के चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधिवत खोल दिए गए हैं। परंपरा के अनुसार सबसे पहले मंदिर के पूर्व द्वार को खोला गया और मुख्य पुजारी, रावल व हक-हकूकधारियों ने अंदर प्रवेश कर पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान पिछले साल कपाट बंद करते समय ज्योतिर्लिंग पर लगाई गई भस्म को हटाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया। कपाट खुलने के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की पहली पूजा कराई। वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर के मुख्य द्वार अब आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और दर्शन शुरू हो गए हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नियमों की अनदेखी करने पर फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी से संचालित होने वाली सभी हेली सेवाओं पर दोपहर तक रोक लगा दी थी। जांच के बाद रोक हटा दी गई थी।

- सीएम धामी ने पहली पूजा पीएम मोदी के नाम पर करवाई

# विधानसभा का एकदिवसीय सत्र 27 को, ग्रुप-डी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए लाया जाएगा हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज बिल

## सरकार नारी वंदन शक्ति बिल को लेकर विपक्ष के खिलाफ ला सकती है निंदा प्रस्ताव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को गुरुग्राम में मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें 27 अप्रैल, 2026 को हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में ग्रुप डी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज़ बिल लाया जाएगा। साथ ही भाजपा विपक्ष के खिलाफ 'नारी शक्ति वंदन' बिल को लेकर निंदा प्रस्ताव ला सकती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षियों दलों ने इस बिल का विरोध कर महिलाओं का अपमान किया है। दरअसल, सरकार लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने के लिए 131वां संविधान संशोधन बिल लाई थी। इस पर 528 सांसदों ने वोट किया, जिसमें 298 पक्ष में और 230 विपक्ष में थे। बिल पास होने के लिए 352 वोट चाहिए थे, लेकिन पूरे नहीं मिले, इसलिए बिल 54 वोट से पास नहीं हो सका।

### पांच साल सर्विस पूरी होने पर प्रमोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में कॉमन कैडर के ग्रुप- डी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए ज़रूरी नियम बनाने पर सहमति बनी है। कॉमन कैडर के वे ग्रुप-डी कर्मचारी जिन्होंने पांच साल से ज़्यादा की सर्विस पूरी कर ली है, वे क्लर्क के पद पर प्रमोशन के लिए एलिजिबल हो गए हैं। बैठक में हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज (रिक्रूटमेंट एंड कंडीशंस ऑफ सर्विस) बिल, 2026 के मसौदे को मंजूरी दी गई है। ड्राफ्ट बिल में क्लर्क के पद के लिए ग्रुप डी से प्रमोशन के कोटे को 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, 5 प्रतिशत एक्स ग्रेशिया पद रखने की अनिवार्यता भी नियमों में शामिल की गई है।



### विपक्ष महिला विरोधी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ने देखा कि लोकसभा में कैसे विपक्षी दलों ने भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोका, उसके सपनों को बेरहमी से कुचला। संसद में जो कुछ हुआ, उसने कांग्रेस और उनके सहयोगियों का असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है। इन दलों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात महिलाओं को अधिकार देने की आती है, तो उनका असली चरित्र महिला-विरोधी और सत्ता का लोभी हो जाता है।

**परिसीमन को लेकर झूठ बोल रहा विपक्ष** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं किया। परिसीमन को लेकर विपक्ष झूठ और भ्रम फैला रहा है कि इससे कुछ राज्यों को नुकसान होगा। देश के गृहमंत्री ने तथ्यों के साथ स्पष्ट किया है कि किसी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे सीयूईटी पीजी के परिणाम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बुधवार को कहा कि साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (सीयूईटी-पीजी) 2026 के परिणाम 24 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे। एनटीए ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए अभ्यर्थियों को परिणाम घोषणा तारीख के बारे में सूचित किया। परिणाम शाम करीब पांच बजे घोषित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे। *एजेंसी*

### नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने



पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह फैसला नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए और अपने वित्तीय निवेशों (शेयरों) की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए किया है। फेसबुक पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए गुरुंग ने कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मानकों को बनाए रखना चाहते हैं। *एजेंसी*

### पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की नई किताब प्रकाशित

**नई दिल्ली।** पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की नई



किताब लॉन्च हो गई है। यह किताब अंग्रेजी में है जिसका नाम है- द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइड: एनादर थिंग अबाऊट मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीस। उन्होंने बताया कि उन्हें इसे लिखने का विचार एक दोस्त के घर पर पड़ी शशि थरूर की किताब देखकर आया। यह किताब भारतीय सशस्त्र बलों के पहलुओं को उजागर करती है।

### एआई कंटेंट पर पूरे समय दिखाना होगा 'लेबल'

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एआई से तैयार या सिंथेटिक कंटेंट



को लेकर नए सख्त नियम प्रस्तावित किए हैं। इन प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब ऐसे किसी भी कंटेंट पर लगातार और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला लेबल लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। सरकार ने इस ड्राफ्ट को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और 7 मई तक आम लोगों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं।

## निगम चुनाव: भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी







पार्टी ने अपने पुराने दिग्गज चेहरों पर ही जताया भरोसा

# सोनीपत से जैन, पंचकूला से बंसल और अंबाला से अक्षिता सैनी मेयर उम्मीदवार

*तीन विस चुनाव लड़ चुके बंसल, अक्षिता का जुड़ाव आरएसएस से*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** भाजपा ने हरियाणा में पंचकूला, अंबाला और सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। 10 मई को तीनों नगर निगमों में चुनाव होना है। पंचकूला में भाजपा के पुराने नेता श्यामलाल बंसल और पूर्व मेयर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को सोनीपत से मैदान में उतारा है। राजीव जैन हरियाणा सरकार में सरकार के पूर्व मीडिया सलाहकार रहे है। वहीं, अंबाला से अक्षिता सैनी को उम्मीदवार बनाया है। यहां पर बता दें कि कांग्रेस तीनों नगर निगम चुनाव को लेकर अपने मेयर पद के उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने पंचकूला नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सुधा भारद्वाज को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, सोनीपत और अंबाला से कांग्रेस ने कमल दीवान और कुलविंद्र कौर को मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

- राजीव जैन उपचुनाव में बने थे मेयर, फिर खेला दांव

### वैश्य व सैनी समुदाय पर खेला दांव

भाजपा ने दो वैश्य समुदाय और एक सैनी समुदाय से प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। राजीव जैन और श्यामलाल दोनों ही वैश्य समुदाय से आते हैं। दोनों लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे हैं। वहीं, अक्षिता सैनी के परिवार का जुड़ाव आरएसएस से रहा है। उनके पिता व भाजपा नेता अपनी पत्नी के लिए टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने बेटी पर भरोसा जताया है। हालांकि कांग्रेस ने पंजाबी, सैनी और ब्राह्मण का समीकरण बनाया है।

# अमेरिका-ईरान में युद्धविराम बढ़ा पाकिस्तान पर तमतमाया तेहरान

एजेंसी ▶▶| तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम को आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने यह कदम मौजूदा सीजफायर के खत्म होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान के अनुरोध पर उठाया है। उन्होंने कहा कि वे ईरान की तरफ से कोई प्रपोजल मिलने तक जंगबंदी को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे जंग फिलहाल के लिए टल गई है और मध्यस्थ पाकिस्तान को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का नया दौर आयोजित करने के लिए समय मिल गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हमने इस बात को समझा है कि ईरान की सरकार गंभीर रूप से बंटी हुई है। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और पीएम शहबाज शरीफ ने मुझसे सीजफायर बढ़ाने का अनुरोध किया। हमसे कहा गया है कि ईरान पर तब तक हमले ना किए जाएं, जब तक कि उनके नेता और प्रतिनिधि एकमत से कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आ जाते हैं। वहीं, दूसरी ओर ईरान को पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर पर भरोसा नहीं हो रहा है। खुफिया सूत्रों का कहना है कि ईरानी नेतृत्व पाकिस्तान के बैक चैनल डिप्लोमेसी के हैंडलिंग से बहुत ज्यादा नाखुश है। पाकिस्तान ने कथित रूप से ईरान को यह भरोसा दिया था कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ सबकुछ मैनेज कर लेगा और शांति डील को ईरान के पक्ष में कराया जाएगा।

*(संबंधित खबर पेज-6 पर)*

**ट्रंप बोले** ईरान को साझा प्रस्ताव करने का वक्त मिले, इसलिए युद्धविराम बढ़ाया



ईरानी नेतृत्व वार्ता को लेकर पाक की डिप्लोमेसी से नाखुश भरोसा घटा

**पाकिस्तान से क्यों नाराज है ईरान**

सूत्रों का कहना है कि असीम मुनीर के हालिया तेहरान दौरे पर उन्हें ईरानी पक्ष ने कई डिमांड की एक लिस्ट सौंपी। इन डिमांड को कभी भी अमेरिका को नहीं बताया गया था। पाकिस्तान को यह अमेरिका को न बताना भी ईरान को काफी नागवार गुजरा है। इससे दोनों के बीच भरोसा कम हो गया है। ईरान इस बात से भी बहुत खफा है कि डोनाल्ड ट्रंप लगातार सार्वजनिक रूप से ईरान की आलोचना कर रहे हैं। ईरानियों का मानना है कि यह पाकिस्तान के आश्वासन देने की वजह से है। खुफिया सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के रणनीतिक महत्व को भी कम करके दिखाया, इससे भी तेहरान नाराज है।

### ट्रंप बोले-72 घंटे के भीतर मिल सकती है अच्छी खबर

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर की संभावनाएं बढ़ रही हैं, हालांकि पूरे क्षेत्र में तनाव के कारण राजनयिक प्रयासों पर अनिश्चितता बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले 36 से 72 घंटों के भीतर बातचीत फिर से शुरू होने की अच्छी खबर आ सकती है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि सफलता की संभावना अभी भी बनी हुई है। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि तेहरान के साथ जारी गुप्त कूटनीति ने शांति वार्ता के एक और दौर की उम्मीदें जगा दी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में, ट्रंप ने संदेश के माध्यम से कहा कि ऐसा होना संभव है, क्योंकि इस्लामाबाद संवाद को सुगम बनाने में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।

### भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका, नेवी अफसर फंसे

ईरान की इस्लामिक रेवाल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज से भारत आ रहे एक जहाज को रोक कर कब्जे में ले लिया है। ईरान का आरोप है कि जहाज बिना इजाजत के होर्मुज से गुजर रहा था। जहाज पर राजस्थान के श्रीगंगानगर के मर्चेंट नेवी में वाइस कैप्टन संजय माहर मौजूद हैं। जहाज पर कुल 21 क्रू मेंबर हैं। वहीं, होर्मुज स्ट्रेट में बुधवार को कम से कम 3 जहाजों पर ईरान ने गोलीबारी की गई। रॉयटर्स के मुताबिक यह जानकारी समुद्री सुरक्षा से जुड़े सूत्रों और यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने दी है। ओमान के उत्तर-पूर्व में लाइबेरिया के झंडे वाले एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी और रॉकेट से हमला हुआ, जिससे जहाज के ब्रिज हिस्से को नुकसान पहुंचा।

*आई-पैक छापा मामले में सुनवाई*

## जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा : सुको

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आई-पैक रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दखल को गलत ठहराया। कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा- यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है। दरअसल इसी साल 8 जनवरी को ईडी की टीम ने आई-पैक हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गईं थीं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं।

कोई मुख्यमंत्री ऐसा करेगा, सोचा नहीं था

*आयोग की सभी तैयारियां पूरी*

## पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को 16 जिलों की 152 सीटों पर विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होगा। इस चरण में 1478 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। उधर, तमिलनाडु में भी राज्य की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा। राज्य में 5.73 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। तमिलनाडु में एक ही चरण और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का विधानसभा चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि लगभग 1262 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं, जिनमें से कुल 543 करोड़ रुपये की वास्तविक जब्ती हुई है। सभी में एफआईआर दर्ज की गई है।

बंगाल में दो और तमिलनाडु में एक ही चरण में डलेंगे वोट

*160 करोड़ का एफडी घोटाला*

## रियल एस्टेट कारोबारी के घर और ठिकानों पर ईडी के छापे

**पंचकूला।** नगर निगम के करीब 150-160 करोड़ रुपये के एफडी घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अन्य केंद्रीय और राज्य एजेंसियों ने रियल एस्टेट कारोबारी सन्नी गर्ग के घर और उनसे जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि ईडी की टीम कोई कैश बरामद नहीं कर सकी। जांच एजेंसियों के मुताबिक, यह मामला नगर निगम के फंड्स के कथित दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। यह घोटाला कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े लेन-देन के कारण भी चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसियों ने कार्रवाई के दौरान बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, निवेश और एफडी रिकॉर्ड, डिजिटल डाटा और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं।

एफडी रिकॉर्ड, डिजिटल डाटा व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए

# दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

*सुबह 6 बजे वारदात, घर के अंदर मिला शव*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे उस समय हुई जब युवती घर में अकेली थी। आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसके साथ पहले दुष्कर्म किया गया। फिर मोबाइल फोन के चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक, मामले में 19 साल का राहुल मीणा मुख्य संदिग्ध है। वह आईआरएस अफसर के घर में करीब आठ महीने तक नौकर था।

### कार क्लीनर व मौजूदा नौकर हिरासत में

पुलिस ने अब तक एक कार क्लीनर और घर में काम करने वाले एक अन्य नौकर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और उन लोगों से पूछताछ की जा रही है जिनका आरोपी से संपर्क हो सकता है।

## बढ़ती गर्मी और उमस के बीच राहत भरी खबर

# प्रदेश के गांवों में अब पूरी रात मिलेगी बिजली, शाम से सुबह तक नहीं लगेगा कट


### यूएचबीवीएन ने जारी किया नया शेड्यूल

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** बढ़ती गर्मी और उमस के बीच हरियाणा के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने ग्रामीण घरेलू फीडरों (आरडीएस) के लिए बिजली आपूर्ति का नया शेड्यूल जारी किया है। सरकार ने फैसला लिया है कि अब गांवों में 'पूरी रात' बिजली की सप्लाई दी जाएगी, ताकि किसानों और आम जनमानस को चैन की नींद मिल सके। यह नया शेड्यूल 23 अप्रैल की आधी रात से प्रदेश भर में लागू हो जाएगा। खास बात यह है कि सरकार ने 'पीक आवर्स' यानी जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, उस समय को प्राथमिकता पर रखा है।

*दोपहर के समय जब तापमान सबसे अधिक होता है, उस दौरान साढ़े 4 घंटे की बिजली सप्लाई दी गई है। मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि इस शेड्यूल को सख्ती से लागू किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तय समय पर पूरी बिजली मिल सके।*

### ऐसा रहेगा नया शेड्यूल

- नए शेड्यूल के अनुसार, हिसार जोन सहित अन्य क्षेत्रों में शाम होते ही बिजली की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी, जो बिना रुके अगली सुबह तक जारी रहेगी। हिसार जोन में शाम 07:00 बजे से सुबह 06:30 बजे तक (लगातार साढ़े 11 घंटे रात की सप्लाई) होगी।
- गर्मी के पीक समय यानी दोपहर 12:00 से शाम 04:30 बजे तक भी बिजली उपलब्ध रहेगी, ताकि लोगों को लू और तपिश से बचाया जा सके।



**कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई :** निगम के उच्च अधिकारियों ने साफ किया है कि शेड्यूल को लागू करने में कोताही बरतने वाले सब-स्टेशन स्टाफ पर सख्त कार्रवाई होगी। ग्रिड अनुशासन के साथ-साथ जनता की सुविधा का ख्याल रखना अब प्राथमिकता होगी।

### सरकार का इन बातों पर फोकस

बिजली निगम के इस कदम को सीधे तौर पर गर्मी के प्रबंधन से जोड़कर देखा जा रहा है। रात को कट नहीं लगने से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर नहीं पड़ेगा। दोपहर के समय जब तापमान सबसे अधिक होता है, उस दौरान साढ़े 4 घंटे की बिजली सप्लाई दी गई है। मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि इस शेड्यूल को सख्ती से लागू किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तय समय पर पूरी बिजली मिल सके।

# मोदी को आतंकी कहने पर खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि खरगे से 24 घंटे के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा गया है। भाजपा ने पीएम मोदी को आतंकी कहने के मामले में चुनाव आयोग से खरगे की शिकायत की थी। दरअसल खरगे ने मंगलवार को चेन्नई में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को आतंकी कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई और खरगे के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में निर्मला सीतारमण समेत तीन केंद्रीय मंत्री शामिल थे।

**24 घंटे में मांगा जवाब**



कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान पर दी थी सफाई

## खबर संक्षेप




### गांव खेड़ी में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

**चोपटा।** कस्बे के गांव खेड़ी में बुधवार को पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है। गुब्बारा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और वे मौके की तरफ दौड़े। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया है। गुब्बारे पर पाकिस्तान-पीआईए लिखा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गुब्बारा गांव खेड़ी की ढाणी के खेतों में मिला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हवा के साथ उड़कर गुब्बारा सिरसा आया है, क्योंकि इससे पहले भी डबवाली, रानियां व ऐलनाबाद क्षेत्र में इस तरह के गुब्बारे मिल चुके हैं।

### 10वीं और 12वीं के यूएमसी केसों की 29 अप्रैल को होगी सुनवाई

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) परीक्षा फरवरी/मार्च-2026 में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन संबंधी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय, भिवानी पर 29 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे बुलाया गया है। सभी संबंधित परीक्षार्थियों/संस्थाओं को व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना ई-मेल/एसएमएस व वेबसाइट के माध्यम से भेज दी गई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

I, Navin Kumar S/o Mahender Singh R/o H.No. 1641/34, Vijay Nagar Rohtak, Teh.& Distt. Rohtak, Haryana-124001 declare that my son present name is Godwin and I want to change my son's name from Godwin to Godwin Khokhar. Neither any court case in any court nor is any bank loan pending against my son's present name. I will be solely responsible myself for any illegal activity if any, is carried out by me after changing my son's name.

## अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का खुलासा, 8 पकड़े

# अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल गोहाना के बदमाश 'गोलू' का चंडीगढ़ में एनकाउंटर

- गोलियों की आवाज से गूंजा चंडीगढ़ सेक्टर 25, पांच राउंड फायरिंग हुई
- यूपी और एमपी से हथियार लाकर हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ में बेचते थे



आरोपी मुकेश उर्फ गोलू।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

अवैध हथियारों की सप्लाई में लिप्त गोहाना के वांटेड बदमाश मुकेश गोलू का चंडीगढ़ में पुलिस ने एनकाउंटर किया। सुबह के वक्त सेक्टर-25 गोलियां की आवाज से गूंज उठा। दोनों तरफ से करीब 5 राउंड फायरिंग की गई। एनकाउंटर में गोली गोलू के पैर में लगी और उसे घायल अवस्था में चंडीगढ़ सेक्टर-16 के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस अवैध हथियारों की तस्करी गिरोह के कुल आठ आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी चंडीगढ़ में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से आया था। सेक्टर-25 में उसकी बहन रहती है। वह उसी के पास जा रहा था, लेकिन पुलिस को पहले ही इसकी सूचना मिल चुकी थी, जिसके बाद सुबह 6 बजे ही इलाके में नाकाबंदी कर दी गई थी। पुलिस को देखकर वह सेक्टर-25 रैली ग्राउंड की ओर भागने लगा। पुलिस को देखते ही आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। उसने 3 राउंड पुलिस पर चलाए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी दो राउंड फायरिंग की, जिसमें से एक गोली उसके पैर में लगी। इस दौरान लोग भी काफी संख्या में एकत्र हो गए।

पुलिस ने बताया कि मुकेश गोलू मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से हथियार लाकर पंजाब और हरियाणा में सप्लाई करता था। चंडीगढ़ के थाना मलोया में उसके खिलाफ 2021 में हथियार तस्करी का एक मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसे पीओ घोषित कर रखा था। एनकाउंटर के बाद डीएसपी दलबीर सिंह और ऑपरेशन सेल के इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह मौके पर पहुंचे थे।

### आरोपियों से 14 पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन सेल ने अवैध हथियार तस्करी में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 14 पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने 14 अप्रैल को सूचना मिलने के बाद मौली जागरां और हल्लो माजरा रोड के आसपास नाकाबंदी की थी। यहां से राहुल उर्फ रैली और मोनू उर्फ कांडू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने गोविंद उर्फ गौरव को गिरफ्तार किया, जो बंबीहा गैंग से जुड़ा पाया गया। वहीं, पुलिस ने इसी गिरोह के अमन, संजू, गुरदीप व मोनी को भी गिरफ्तार किया।

### बदमाशी का अंजाम



**फरीदाबाद।** बदमाशों का सिर मुंडवाकर बाजार में परेड निकालते हुए।

### बंदर-भालू गैंग के बदमाशों को गंजा करवा निकाली परेड

**फरीदाबाद।** पुलिस ने बंदर-भालू गैंग के तीन आरोपियों को गंजा करवाकर भरे बाजार में उनकी परेड निकाली। तीनों आरोपी लंगडाते हुए भी चलते दिखे। आरोपियों ने 17 अप्रैल को जमीन विवाद में भीकम कॉलोनी निवासी एक युवक प्रवीण पर हथौड़े और डंडों से वार कर उसकी टांगें तोड़ी थीं। वह गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। गैंग के मुख्य आरोपी बंदर उर्फ विजेंद्र और भालू उर्फ बलराज थे। इनके साथ उनके भतीजे हर्ष (25), सेबिन (27) और आर्यन (26) भी इस हमले में शामिल थे। पुलिस ने हर्ष, सेबिन और आर्यन को मंगलवार रात गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई गई। इसके बाद पुलिस ने उनका सिर मुंडवाकर उसी इलाके में परेड निकाली, जहां वारदात हुई थी। सिटी थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से लोगों के दिलों से बदमाशों का डर दूर होगा।

# हड़ताली सफाई कर्मचारी नहर में कूदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

हड़ताल कर रहे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों में से एक ने मंगलवार को नहर में छलांग लगा दी। उसके पीछे ही एक और साथी नहर में कूदा, लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाया और अकेला ही बाहर आ गया। गोताखोरों की टीमें कर्मचारी की तलाश में जुटी हैं। नहर में कूदने वाले कर्मचारी की पहचान राजीव कॉलोनी निवासी संदीप उर्फ काला (38) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि 2 मई को उसकी बेटी की भी शादी थी। दरअसल, दो दमकल कर्मियों की मौत के बाद उनको शहीद का दर्जा देने व अन्य मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में हड़ताल चल रही है। संदीप हड़ताल स्थल से शाम 4 बजे यह कहकर निकला था कि वह घर जा रहा है, लेकिन वो घर जाने के बजाय अपने दो साथियों के साथ नहर पर चला गया।

### दोस्त के हाथ से चली गोली युवक की मौत

**फरीदाबाद।** दोस्त से चली गोली में एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना सिटी बल्लभगढ़ पुलिस ने आरोपी युवक अभय के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। भीकम कॉलोनी में डिलीवरी बॉय योगेश निवासी सुभाष कॉलोनी अपने दोस्त अभय से मिलने आया था। इस दौरान घर पर रखे गेहूं के कट्टे में में उन्हें एक देसी पिस्तौल मिली, जिसे दोस्त देखने लगे। इसी दौरान उसके हाथ से गोली चल गई, जो उसके दोस्त योगेश को लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। योगेश अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था। यह पिस्तौल आरोपी के भाई की थी, वह हत्या में वांछित है।

**सूचना**

**विषयः अल्पकालिक निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

दिनांक 29.04.2026 से 03.05.2026 तक होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लगभग (पांच सौ) प्रतिभागियों हेतु भोजन (नाश्ता, लंच व डिनर) की और बिस्तर की व्यवस्था के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक प्रतिष्ठान अपनी निविदाएं जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक को देय 50,000/- (पचास हजार रूपये) के डिमांड ड्राफ्ट/चेक सहित दिनांक 24.04.2026 सांय 2 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक के कार्यालय में जमा करवाएं। निविदा से संबंधित प्रपत्र, नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में निविदाएं जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदाएं 25.04.2026 को सुबह 10:00 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय लघु सचिवालय रोहतक में खोली जाएंगी।

संपर्क सूत्रः 9812117533, 9992895000, 7988060659 नोटः नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

मेन्यू

नाश्ताः मक्खन सहित ब्रेड/पराठा, चाय/कॉफी/दूध फल दही व एगआमलेट

लंचः मौसमी सब्जी, दाल, दही, चावल, रोटी, सलाद, अचार, एक मिठाई

डिनरः मौसमी सब्जी, दाल, दही, चावल, रोटी, सलाद, अचार एवं दूध व नॉन वेज

बिस्तरः 2 चदर, गद्दा, तकिया

हस्ता/-जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक

**Indian Red Cross Society**
**District Branch, Mahendergarh at Narnaul**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रैडक्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा उप–मण्डल परिसर महेंद्रगढ में रैडक्रास वाहन पार्किंग का एक वर्ष का ठेका दिए जाने हेतु दिनांक 04.05.2026 को उप–मण्डल अधिकारी (ना.) कार्यालय महेंद्रगढ में दोपहर 01.00 बजे खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं। नियम व शर्तें जिला रैडक्रास नारनौल के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**सचिव, जिला रैडक्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61257140A | स्विच बोर्ड कैबिनेट फॉर एलएचबी पावर कार फॉर 2x500 केवीए डीए सेट | 20 नग | 21 मई 2026 |
| 2. | 61265425 | बोगी फ्रेम असेम्बली फॉर एयर स्प्रिंग एलएचबी एनऐसी कोचेस | 30 नग | 21 मई 2026 |
| 3. | 61265288 | इलेक्ट्रिक फर्नेस | 01 नग | 15 जून 2026 |

निविदा शर्तें—1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस संख्याः 61257140A, 61265425, 61265288


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1317/26

### रोड स्वीपिंग मशीन में आग की सूचना अधिकारियों को न देने पर गुरुग्राम में एसएसआई सस्पेंड



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम कमिश्नर प्रदीप दहिया ने सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर हर्ष चावला को सस्पेंड कर दिया है। एसएसआई ने रोड स्वीपिंग मशीन में लगी आग की सूचना संबंधित अधिकारियों को नहीं दी थी। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देना अनिवार्य था, लेकिन संबंधित अधिकारी द्वारा न तो संयुक्त आयुक्त को और न ही अन्य किसी वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी दी। इसे गंभीर लापरवाही और कर्तव्यों के निर्वहन में चूक माना गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय अतिरिक्त आयुक्त-III, नगर निगम कार्यालय में रहेगा और वे बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारी के खिलाफ आमजन की शिकायतों पर गंभीरता न दिखाने और फोन कॉल्स को नजरअंदाज करने जैसी शिकायतें भी सामने आ रही थीं, जिसे भी गंभीरता से लिया गया है।

### हरियाणवी एक्ट्रेस दिव्यांका का सिर में गहरी चोट लगने से निधन



**रोहतक।** हरियाणवी गायक मासूम शर्मा की साथी कलाकार व हरियाणवी एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही (30) का निधन हो गया। मंगलवार देर रात यूपी के गाजियाबाद स्थित घर पर उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह चक्कर खाकर जमीन पर गिरीं, जिसमें उनके सिर पर गहरी चोट लगी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिव्यांका 50 से ज्यादा हरियाणवी गानों में काम कर चुकी थीं। उन्होंने मासूम शर्मा, अमित सैनी रोहतकिया, केडी व नरेंद्र भगाना आदि प्रसिद्ध कलाकारों के साथ भी काम किया। उनके इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। टिक टॉक पर एक डांस वीडियो से वह फेमस हुई थीं। उनके गाने पर करीब 20 मिलियन व्यूज आए थे। इसके बाद टिक-टॉक पर उनके फॉलोअर्स 5 मिलियन हो गए थे। उनके निधन पर हरियाणवी इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है।

**उनके चर्चित गानों में विलेन रहण दे, बटेऊ हरियाणा तै, 9 राउंड और बदमाशां का ब्याह आदि रहे।**

### दुल्हन की विदाई के फोटो खींच रहे फोटोग्राफर को सड़क पर गाड़ी ने हवा में उड़ाया



**सिरसा।** शहर में शादी समारोह के बाद दुल्हन की विदाई के समय सड़क पर फोटो शूट कर रहे फोटोग्राफर को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से फोटोग्राफ करीब दस फीट उछलकर दूर जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद एकदम अफरा-तफरी का माहौल बन गया और खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फुटेज के आधार पर पुलिस ने फतेहाबाद निवासी एक युवक को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह हिसार रोड पर शादी समारोह के बाद दुल्हन की विदाई के समय हादसा हुआ। हिसार रोड पर एक निजी पैलेस में रात को शादी समारोह था जिसके बाद सुबह जब विदाई हो रही थी तो फोटोग्राफर फोटो शूट कर रहा था। वह फोटो लेने के लिए सड़क पर थोड़ा आगे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कर ने उसे टक्कर मार दी। मृतक युवक की पहचान सिरसा के गांव अभोली निवासी मलकीत उर्फ अजय के रूप में हुई है।

**कार्यालय नगर पालिका गन्नौर**

**सार्वजनिक सूचना**

भारत सरकार द्वारा अधिसूचित Construction & Demolition Waste Management Rules, 2016 के प्रावधानों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र गन्नौर के अंतर्गत सभी भवन निर्माण, मरम्मत एवं विध्वंस कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि वे C&D वेस्ट का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

1. कोई भी व्यक्ति/संस्था निर्माण या विध्वंस कार्य से उत्पन्न मलबा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थान सड़क, नाली, खाली प्लॉट या सरकारी भूमि पर नहीं डालेगा।
2. निर्माण/विध्वंस कार्य से उत्पन्न मलबा निर्धारित स्थल (डंपिंग साइट) पर ही डाला जाएगा, जिसकी जानकारी नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. मलबे को सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर रखने की स्थिति में उचित कवरिंग एवं सुरक्षा प्रबंध करना अनिवार्य होगा, जिससे आम जनता को असुविधा न हो।
4. नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध C&D Waste Manage-ment Rules, 2016 के तहत 5000 जुमार्ना एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
5. सभी नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में सहयोग करें तथा निर्माण मलबे का उचित निपटान सुनिश्चित करें।
6. इस सूचना का प्रभाव तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

हस्ता/– सचिव,
नगरपालिका गन्नौर

**कार्यालय नगर पालिका गन्नौर**

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका गन्नौर की ओर से सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) जैसे प्लास्टिक के कप, गिलास, प्लेट, चम्मच, स्ट्रॉ, ट्रे, थमोकील की सजावटी सामग्री. प्लास्टिक के झंडे, स्टिक, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, ईयरबड्स की प्लास्टिक स्टिक, पैकिंग फिल्म, मिठाई के डिब्बों के चारों ओर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की प्लास्टिक रैपिंग, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले बैनर तथा 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग आदि का उपयोग, बिक्री, भंडारण और वितरण पूरी तरह से प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति इन प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग, बिक्री या भंडारण करता हुआ पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माने की राशि प्लास्टिक की मात्रा के अनुसार इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| 100 ग्राम तक | रु. 500 रुपए |
| 101 से 500 ग्राम तक | रु. 1500 रुपए |
| 501 ग्राम से 1 किलोग्राम तक | रु. 3000 रुपए |
| 1 किलोग्राम से 5 किलोग्राम तक | रु. 10000 रुपए |
| 5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम तक | रु. 20000 रुपए |
| 10 किलोग्राम से अधिक | रु. 25000 रुपए |

यह नियम 1 जुलाई 2022 से लागू हैं और सभी दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं। यदि आपको कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता हुआ दिखाई दे तो कृपया नगर पालिका या संबंधित विभाग को सूचना दें।

हस्ता/– सचिव,
नगर पालिका गन्नौर

## राशिफल

**मेष** – आज दिन काफी सकारात्मक और ऊर्जावान रहेगा। करियर में मेहनत रंग लाएगी, पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृष** – आज स्थिरता और धैर्य का दिन होगा। वीनस अपनी राशि के प्रभाव से आर्थिक लाभ और सुख–सुविधाएं बढ़ा सकता है।

**मिथुन** – आज चंद्रमा मिथुन में होने से बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहेगा, लेकिन व्यर्थ खर्च से बचें।

**कर्क** – चंद्रमा की स्थिति से घरेलू मामलों में सुधार होगा, लेकिन शनि के प्रभाव से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। करियर में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**सिंह** – सूर्य के प्रभाव से आत्मविश्वास उच्च रहेगा। करियर में तरक्की के अवसर आएंगे, बॉस या वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा।

**कन्या** – आज विश्लेषणात्मक सोच काम आएगी। नौकरी में छोटे–मोटे बदलाव हो सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, लेकिन निवेश सावधानी से करें।

**तुला** – आज सौंदर्य और संतुलन का दिन होगा। वीनस के प्रभाव से रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** – शनि के उदय से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें। करियर में मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा।

**धनु** – आज भाग्यशाली दिन रहेगा। गुरु के प्रभाव से नई ऊर्जा मिलेगी। आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशियां छाई रहेंगी।

**मकर** – करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। परिवार में सम्मान बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता दिखाएं। धैर्य बनाए रखें और लक्ष्य पर फोकस करें।

**कुंभ** – यूरेनस के प्रभाव से रचनात्मकता बढ़ेगी। करियर में अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**मीन** – नेप्च्यून के प्रभाव से आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में रचनात्मक कार्यों से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा।

# वीजा एजेंट से परेशान व्यक्ति की जहर निगलने से मौत पुलिस के लिखित आश्वासन पर दूसरे दिन हुआ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा



वीजा एजेंट से पैसों के लेनदेन से परेशान होकर जहर खाने वाले हलालपुर निवासी लाभ सिंह ने 15 दिन बाद मंगलवार को पीजीआई में दम तोड़ दिया। परिजन चार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार न करवाने पर अड़ गए। इसके अगले दिन बुधवार को डीएसपी निर्मल कुमार द्वारा आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देने के बाद ही परिजन संस्कार करने को तैयार हुए। बताया जा रहा है कि लाभ सिंह से वीजा एजेंट धोखाधड़ी से 45 लाख रुपये और दो एकड़ जमीन मांग रहा था। मृतक लाभ सिंह की पत्नी सविता ने डीएसपी निर्मल कुमार को लिखित शिकायत में चार लोगों पर आरोप लगाया है, जिनके कारण उनके पति की जान गई है। उन्होंने बताया कि संदीप कड़ामी, मेघराज सैनी, नसीब मेहरा, रुपेंद्र कड़ामी उनके पति की मौत का कारण है। उनके दबाव के कारण ही उनके पति ने यह कदम उठाया है। डीएसपी निर्मल कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के बीच सहमति बन गई और अंतिम संस्कार हो गया है।

उन्होंने कहा कि जो भी इस मामले में दोषी है उनको किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस टीमें छापामारी कर रही हैं। पूरा परिवार ही घरों से गायब है। रिश्तेदारों तक आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम छापे मार रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही पता चलेगी।

### 5 दिन बाद बयान हुए थे दर्ज

लाडवा खंड के गांव हलालपुर में लाभ सिंह ने 5 अप्रैल को कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था। मंगलवार को पीजीआई चंडीगढ़ में उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार लाडवा पुलिस आरोपियों को बचाने में लगी थी। यही कारण है कि लाडवा पुलिस बार-बार कहने के बाद भी लाभ सिंह के बयान दर्ज करने नहीं गई। जिला पुलिस अधीक्षक के कहने पर पुलिस ने 10 अप्रैल को मृतक लाभ सिंह के बयान दर्ज करवाए थे।

## शब्द पहेली - 6204




**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -6203 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | | र | | श | ब | न | म |
| | म्मी | | र | फू | च | क्क | र | | र्म | |
| आ | | मा | स | | ना | | मा | ह | | प्र |
| स | ह | ला | ना | | का | | ना | रा | य | ण |
| | थ | | | | र | | | | ज्ञो | |
| ह | क | ब | का | ना | | अ | प | ना | प | न |
| | र | | | | ख | | | | वी | |
| मे | घा | ल | य | | ल | | क | म | त | र |
| घ | | त | म | | ना | | ल | त | | क्षा |
| | यं | | रा | सा | य | नि | क | | कै | |
| म | हा | रा | ज | | क | | ल | म्बो | द | र |



## खबर संक्षेप

### एनआईए ने दो घरों को अपने कब्जे में लिया

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक प्रतिष्ठान पर हुए हमले में शामिल एक आरोपी के दो मकानों को बुधवार को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की एक टीम ने पुलवामा जिले के लेथपोरा में फैयाज अहमद माग्रे के दो मकानों aको अपने कब्जे में ले लिया। माग्रे पर 2017 में लेथपोरा स्थित सीआरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र पर हुए फिदायीन हमले में शामिल होने का आरोप है, जिसमें सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद हो गए थे।

### गन्ने से जुड़ा पुराना कानून बदलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1966 के गन्ना नियंत्रण आदेश को एक व्यापक नए नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव किया है। इसमें पहली बार एथनॉल उत्पादन, डिजिटल अनुपालन और कारखानों की मंजूरी के लिए एक औपचारिक व्यवस्था को एक साथ लाया गया है। सरकार ने इस मसौदे पर 20 मई तक लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश पर पड़ने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश भारत का 'चीनी का कटोरा' कहलाता है। अनुमानित आंकड़े के अनुसार देश का 40-50 फीसदी गन्ना उत्पादन यूपी में होता है।

### द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम किया निष्क्रिय

**जमशेदपुर।** भारतीय सेना के जवानों और पुलिस कर्मियों ने बुधवार सुबह झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में कथित तौर पर द्वितीय विश्व युद्ध के समय के एक बम को निष्क्रिय कर दिया। यह बम 15 अप्रैल को बहरागोरा इलाके में स्वर्णरेखा नदी के तल पर ग्रामीणों को मिला था। इसका वजन 227 किलोग्राम है। बहरागोरा पुलिस ने बताया,सेना और पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने आज सुबह बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।" सेना के कर्मियों ने नदी तल पर एक विशाल गड्ढा खोदा और उसमें विस्फोटक रखा।

### गार्ड बदलने की रस्म का 25 से नया समय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हर शनिवार को होने वाली गार्ड बदलने की रस्म का समय 25 अप्रैल से सुबह 7:30 बजे से बदलकर 8:30 बजे कर दिया गया है। लगभग 30 मिनट तक होने वाला यह समारोह एक सैन्य परंपरा है जो हर सप्ताह आयोजित की जाती है ताकि राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने में सक्षम बनाया जा सके।

### अब बिना रजिस्ट्रेशन नहीं चलेंगे ऑनलाइन गेम्स

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा। आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम - अगर वे 'रियल मनी गेम' नहीं हैं , को अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

# बोलेरो-ट्रक की टक्कर में 8 जिंदा जले

**यूपी-मिर्जापुर में सड़क हादसा**



**मिर्जापुर(उप्र)।** मिर्जापुर में बुधवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। बोलेरो-ट्रक की टक्कर में 8 लोग जिंदा जल गए। एक अन्य कार सवार समेत ट्रक के ड्राइवर और खलासी की दबकर मौत हो गई। जलकर मरने वाले सभी बोलेरो में सवार थे।

मध्यप्रदेश से चना लादकर आ रहे एक ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया, जिससे वह बेकाबू हो गया। ट्रक ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बोलेरो आगे चल रहे गिट्टी लदे ट्रेलर में जा घुसी। बोलेरो धू-धू कर जलने लगी। हादसा ड्रमडगंज थाना क्षेत्र में हुआ। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। बोलेरो सवार सभी लोग प्रयागराज के मांडा क्षेत्र के हाटा के बताए जा रहे हैं। ये लोग मैहर धाम से दर्शन करके वापस लौट रहे थे।

हालांकि, बोलेरो में सवार लोगों की संख्या अभी क्लियर नहीं है। सीएम योगी ने भी इस सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को रेस्क्यू में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
✓ कमर व पेडू में दर्द ✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून की कमी ✓ खून साफ़ करे
✓ कमज़ोरी व थकान ✓ रूप निखारे
✓ हार्मोन्स का असंतुलन आदि में सहायक
हेमपुष्पा

## चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के दिए निर्देश

# तमिलनाडु-बंगाल में चुनाव से पहले 1,000 करोड़ से अधिक की नकदी और शराब जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हो रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग की सख्ती का बड़ा असर देखने को मिला है। आयोग के मुताबिक, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अब तक 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कैश, शराब, ड्रग्स और अन्य सामान जब्त किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने कहा कि इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए थे।

इसी दिशा में बंगाल और तमिलनाडु में कुल 5,011 फ्लाइंग स्क्वॉड टीमें (एफएसटी) तैनात की गई हैं, जिनमें 2,728 टीमें पश्चिम बंगाल और 2,283 टीमें तमिलनाडु में काम कर रही हैं। टीमों का काम शिकायत मिलने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करना है। इसके अलावा 5,363 स्टैटिक सर्विलांस टीमें (एसएसटी) भी तैनात की गई हैं, जो अलग-अलग जगहों पर अचानक नाके लगाकर जांच कर रही हैं। चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) को 26 फरवरी 2026 से लागू किया गया है।



### 22 अप्रैल तक के आंकड़े जारी किए

- *पश्चिम बंगाल में 472.89 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है, जिसमें 27.48 करोड़ रुपये नकद, 39,31,463 लीटर शराब (102.45 करोड़ रुपये मूल्य), 108.11 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 55.88 करोड़ रुपये के कीमती धातु और 178.83 करोड़ रुपये के फ्रीबीज/अन्य सामान शामिल हैं।*
- *तमिलनाडु में कुल 599.24 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है, जिसमें 100.19 करोड़ रुपये नकद, 1,17,713 लीटर शराब (3.85 करोड़ रुपये मूल्य), 76.72 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 159.31 करोड़ रुपये के कीमती धातु और 259.14 करोड़ रुपये के फ्रीबीज/अन्य सामान शामिल हैं।*
- *दोनों राज्यों को मिलाकर कुल जब्ती 1072.13 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जिसमें 127.67 करोड़ रुपये नकद, 40,49,176 लीटर शराब (106.3 करोड़ रुपये मूल्य), 184.83 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 215.19 करोड़ रुपये के कीमती धातु और 437.97 करोड़ रुपये के अन्य सामान शामिल हैं।*

### चेन्नई में द्रमुक के मईलापुर उम्मीदवार के सहयोगी से नकदी के बंडल जब्त किए गए

**चेन्नई (भाषा)।** मईलापुर विधानसभा क्षेत्र में द्रमुक उम्मीदवार के एक सहयोगी के घर से बुधवार को निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने 500 रुपये के कई नोट बंडल जब्त किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना की पुष्टि करते हुए चेन्नई के जिला निर्वाचन अधिकारी जे. कुमारगुरुबरन ने कहा कि मामले को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ₹उड़न दस्ते की मदद से निरीक्षण किया गया और आवश्यक कार्रवाई की गई है।₹ पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उड़न दस्ते ने मंडावेलीपक्कम स्थित द्रमुक उम्मीदवार डी. ए. वेलु के सहयोगी सत्यामूर्ति के घर से नकदी बरामद की। साथ ही यह सबूत भी मिले हैं कि इस धनराशि को मतदाताओं को लुभाने के लिए रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि जब्त नकदी को विस्तृत जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया है। इस सीट पर 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में वेलु का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन तथा टीवीके उम्मीदवार पी. वेंकटरामन से है, जबकि कुल 19 उम्मीदवार मैदान में हैं।

- **धनराशि को मतदाताओं को लुभाने के लिए रखा गया था**
- **अधिकारी ने जब्त नकदी आयकर विभाग को सौंपी**

## मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : बंगाल के सीईओ

- **आयोग के कड़े निर्देश, लापरवाही के लिए अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी**
- **कथित उपद्रवियों की सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए डीजीपी को भेजी**

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को पुलिस को मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कथित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल निवारक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए एक पत्र में, सीईओ कार्यालय में तैनात पुलिस पर्यवेक्षक ने कई विधानसभा क्षेत्रों और पुलिस थाना क्षेत्रों के कथित उपद्रवियों की एक सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा की। पत्र में कहा गया है कि ये व्यक्ति "मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने में सक्रिय रूप से शामिल हैं।" साथ ही जमीनी स्तर के अधिकारियों को उचित सावधानी बरतने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पत्र में प्राथमिकी दर्ज करने, संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने, जहां आवश्यक हो वहां निवारक हिरासत की कार्रवाई करने, संवेदनशील बूथों में गश्त बढ़ाने और चुनाव अवधि के दौरान नामित व्यक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने जैसे कदम सुझाए गए हैं। इसमें कहा गया है, "इनमें से किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को डराने-धमकाने या अशांति फैलाने के किसी भी मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।



तमिलनाडु और बंगाल में विधानसभा चुनाव के तहत मतदान के लिए इवीएम और दूसरे सामान को अलग-अलग पोलिंग बूथों पर ले जाया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया पुलिस की देखरेख में हो रही है।

**दमदम में केंद्रीय गृहमंत्री गरजे**

## मोदी को जितनी गाली दोगे उतनी भाजपा जीतेगी: शाह



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दमदम उत्तर में चुनावी रैली में कहा कि आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी को खरगे आतंकवादी कह रहे हैं। राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे की भाषा बिगड़ने लगी है, लेकिन मोदी को जितनी गालियां दोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है।

### बंगाल में डबल इंजन सरकार बनेगी: नवीन



*नितिन नवीन ने उत्तर 24 परगना में रोड शो के दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी सरकार को हटाने के लिए तैयार है और राज्य में डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में नाराजगी साफ दिख रही है। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने महिलाओं से जुड़े मामलों में अदालत का रुख नहीं किया, लेकिन घुसपैठियों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट गईं।*

**कोलकाता की रैली में गरजे अभिषेक**

### शाह ने ममता और महिलाओं का अपमान किया: अभिषेक बनर्जी



कोलकाता में रैली के दौरान तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने अमित शाह पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की महिलाओं के प्रति सोच को दिखाता है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी के बयानबाजी का जवाब चुनाव नतीजों के बाद दिया जाएगा और पार्टी 4 मई के बाद अगली राजनीतिक लड़ाई की तैयारी करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी बंगालियों की सोच पर सवाल उठा रही है।

**केदारनाथ के कपाट खुलने पर पीएम ने दी शुभकामनाएं बोले**

## 'डिजिटल उपवास' रखकर उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को जिएं श्रद्धालु

भाषा ▶▶ देहरादून

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को श्रद्धालुओं से चारधाम यात्रा के दौरान 'डिजिटल उपवास' रखकर उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का आह्वान करते हुए उनसे पांच संकल्पों का भी पालन करने का आग्रह किया है।

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के धाम केदारनाथ के कपाट खुलने के मौके पर सोशल मीडिया पर अपने एक शुभकामना संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारनाथ सहित चारधाम की यह यात्रा हमारी आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का दिव्य उत्सव है। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं से हमें भारत की सनातन संस्कृति के दर्शन भी होते हैं।" मोदी ने सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उनके लिए एक पत्र भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड में पिछले कुछ वर्षों में चल रहे विकास के महायज्ञ से चारधाम यात्रा बहुत सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक हुई है लेकिन इन कामों में प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य का पूरा ध्यान रखने का प्रयास किया जा रहा है।



- **मोदी की श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील**

### ये नियम अपनाएं सभी

पीएम मोदी ने यात्रा पर आए सभी श्रद्धालुओं से इन नियमों को स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण, सेवा और सहयोग की भावना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और यात्रा के नियमों का पालन करने की अपील की।

## बुखार व बीपी-शूगर जैसी बीमारियों की 141 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के दवा बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ताजा रिपोर्ट में 141 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए। इस लिस्ट में बुखार, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी रोजमर्रा की बीमारियों की दवाएं शामिल हैं। सेहत के साथ होने वाले इस बड़े खिलवाड़ ने फार्मा कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया और सरकारी निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की ओर से मार्च के लिए जारी ड्रग अलर्ट में देशभर में बनी कई दवाओं की गुणवत्ता पर फिर सवाल उठे हैं। 141 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं, जिनमें, कफ सिरप व इंजेक्शन शामिल हैं। इनमें दिल, मिर्गी, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ड्रग कंट्रोलर ने न केवल इन दवाओं को असुरक्षित घोषित किया है, बल्कि कंपनियों को बाजार से तुरंत अपना स्टॉक वापस मंगाने के कड़े निर्देश भी जारी किए हैं। जांच में देशभर में बनी 141 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं।

## एलन के कबीर छिल्लर को ऑल इंडिया रैंक-1 मिली



टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से, टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स और 21 स्टेट टॉपर्स एलन से

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2026 की ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 का परिणाम जारी कर दिया गया। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि अभी तक देखे गए परिणामों में एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में 4 स्थानों पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट रहे हैं। इनमें अर्णव गौतम रैंक-5, शुभम कुमार रैंक-6 और ऋषि प्रेमनाथ ने आल इंडिया रैंक-8 प्राप्त की है। टॉप-20 में 9 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से तथा टॉप-100 में 42 स्टूडेंट्स एलन से शामिल हैं। इसके साथ ही 21 स्टेट टॉपर्स एलन से हैं। उन्होंने कहा कि रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी एवं पारदर्शिता को बरकरार रखते हुए एलन ने अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। पिछले दो वर्षों के रिजल्ट्स में आईआईटी में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है। जेईई-मेन 2026 में अब तक के सर्वाधिक 15 लाख 38 हजार 468 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। दोनों सेशन में मिलाकर 26 स्टूडेंट्स को 100 पर्सेन्टाइल घोषित किया गया।

**तैयारी** | देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अभियान जारी

# जनगणना के पहले चरण में 26 लाख से अधिक परिवारों ने स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाया

- **स्वतंत्रता के बाद से आठवीं जनगणना, दो चरणों में हो रही**
- **जनगणना का दूसरा चरण अगले साल शुरू होगा**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जारी जनगणना अभियान के पहले चरण के दौरान 26 लाख से अधिक परिवारों ने स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाया है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल (आरजीआई) ने यह जानकारी दी। आरजीआई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ये आंकड़े जनगणना 2027 के लिए डिजिटल पहल में बढ़ती भागीदारी दर्शाते हैं। ऑनलाइन जानकारी प्रदान करने का विकल्प चुनकर, इन परिवारों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का तेज, स्मार्ट और अधिक सुविधाजनक तरीका अपनाया है। चरण एक - गृह सूचीकरण और आवास गणना के लिए स्व-गणना सुविधा वर्तमान में चुनिंदा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जारी है।



### कुल 33 प्रश्न पूछेंगे

आवास सूचीकरण अभियान के दौरान, गणनाकर्ता प्रत्येक घर और इमारत का दौरा करेंगे और नागरिकों से उनके घरों में बुनियादी सुविधाओं, परिवार के मुखिया के बारे में जानकारी (जैसे नाम और लिंग) और स्वामित्व की स्थिति आदि के बारे में 33 प्रश्न पूछेंगे। दूसरा चरण अगले साल शुरू होगा।

### अभियान पूरी तरह से डिजिटल होगा

यह स्वतंत्रता के बाद से आठवीं जनगणना है, जो दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला चरण आवास सूचीकरण और आवास गणना के रूप में जाना जाता है, और दूसरा जनसंख्या गणना है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आवास सूचीकरण और आवास गणना के लिए क्षेत्र भ्रमण 16 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जनसंख्या गणना के लिए एक ठोस आधार प्रदान करने हेतु, इनमें देशभर में सभी संरचनाओं, घरों और परिवारों की सूची बनाई जाएगी। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान को प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच अधिसूचित किया जाएगा। स्वगणना के दौरान नागरिक एक पोर्टल के माध्यम से आवास सूचीकरण (एचएलओ) चरण के प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। आवश्यक विवरण भरने और प्रश्नों के उत्तर देने के बाद नागरिकों को एक विशेष आईडी प्राप्त होगी, जिसे वे एचएलओ प्रक्रिया के दौरान सत्यापन के लिए अपने घरों में आने वाले गणनाकर्ताओं को प्रदान करेंगे। पहली बार, यह अभियान पूरी तरह से डिजिटल होगा।

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HARYANA MEDICAL SERVICES CORPORATION LIMITED, PANCHKULA (HMSCL) | TENDER FOR THE RATE CONTRACT FOR THE EYE SCREENING AND SUPPLY OF SPECTACLES FOR SCHOOL CHILDREN AND SUPPLY OF PRESBYOPIC FOR ADULTS FOR THE STATE OF HARYANA | 21.04.2026 11.05.2026 | Rs. 3,60,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299529 equipmentcgm2020@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2027/40/44756/I/88/6 Dt. 23.04.26

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR | CONSTRUCTION OF STREET FROM H/O MEENA TO WORKSHOP ON TEHSIL ROAD IN WARD NO 13 AT MC KALANAUR | 21.04.2026 25.04.2026 | Rs. 1.30 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9502401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2027/40/44754/I/88/6 Dt. 23.04.26

चिंतन

# दवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी

भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर उठते सवाल अब सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रहे, यह सीधे-सीधे जन-जीवन, भरोसे और अर्थव्यवस्था पर हमला है। बीमारी जब किसी व्यक्ति को जकड़ती है तो वह केवल शारीरिक पीड़ा नहीं देती, बल्कि पूरे घर से लेकर राष्ट्र तक की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। किसी भी व्यक्ति का बीमार होना घर पर बोझ बढ़ाता है। फिर यही बोझ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करता है। इसका दुःखद पहलू यह है कि भारत में बड़े पैमाने पर घटिया और नकली दवाएं बनाकर बेची जा रही हैं, जिनसे बीमार व्यक्ति ठीक होने की बजाय बीमारी में और फंस जाता है। यह समस्या एक व्यक्तिगत त्रासदी से बढ़कर राष्ट्रीय संकट तक बन जाती है। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन घटिया और नकली (सबस्टैंडर्ड) दवाएं लगातार बाजार में उपलब्ध हैं। हाल ही की घटनाएं इस भयावह सच को उजागर करती हैं। गुरुग्राम में वजन घटाने वाले नकली मोंजारो इंजेक्शन की बरामदगी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवा में सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाना, कफ सिरप से बच्चों की मौत और कोरोना काल में नकली रेमडेसिविर की कालाबाजारी ये सब आईसोलेटेड घटनाएं नहीं, बल्कि एक संगठित और खतरनाक तंत्र की ओर इशारा करती हैं। यह तंत्र न केवल कानून को धता बता रहा है, बल्कि इंसान की जिंदगी को मुनाफे के तराजू पर तौल रहा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया जांच में 141 दवाओं के सैंपल फेल होना इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है। 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित की गई इन दवाओं में रोजमर्रा की बीमारियों से लेकर कैंसर और हृदय रोग तक की दवाएं शामिल हैं। साफ है कि खतरा हर घर तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ एक मकड़जाल है, जो नियामक व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध कारोबार में अब चिकित्सा तंत्र के भीतर के लोग भी शामिल पाए जा रहे हैं। दिल्ली में कैंसर की नकली दवाओं के गिरोह का भंडाफोड़ इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था के अंदर बैठे लोग ही भरोसे को तोड़ने लगें, तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाली शीशियों में सस्ती दवा भरकर लाखों में बेचना केवल आर्थिक अपराध नहीं, यह मानवता के खिलाफ अपराध है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकली और घटिया दवाएं बाजार तक पहुंच कैसे रही हैं? जवाब है निगरानी तंत्र की कमी, कानून के क्रियान्वयन में ढिलाई और सजा का भय न होना। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे गिरोह फलते-फूलते रहेंगे। वहीं, आम जनता को भी जागरूक बनाना होगा। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग की जांच करना और संदिग्ध दवाओं की सूचना देना, ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर डालकर सरकार अपने कर्तव्यों से मुक्त नहीं हो सकती। दवा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। अगर इस क्षेत्र में भरोसा टूटता है, तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए अब आधे-अधूरे उपायों का समय बीत चुका है। जरूरत है दवाओं के प्रति सतर्कता, मजबूत निगरानी तंत्र, निर्णायक, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की, ताकि नकली दवाओं के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। तभी देश का हर नागरिक निश्चिंत होकर इलाज करा सकेगा और 'स्वास्थ्य' वास्तव में 'विश्वास' का पर्याय बन पाएगा।



मुद्दा
अम्बरीष प्रजापति

# लोकतंत्र की गरिमा-भाषाई मर्यादा का संकट

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर। कुछ दिन पहले कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया, इससे पहले भी मौत का सौदागर, तानाशाह, नीच व बिच्छू जैसे विशेषणों का प्रयोग विपक्षी दलों द्वारा किया गया है, उसने न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि भाषाई मर्यादा के गहरे संकट को भी उजागर किया है। यह समस्या केवल एक पक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस दलदल में समान रूप से धंसे हुए नजर आते हैं, जहां तर्कों की जगह कुतर्कों और मुद्दों की जगह व्यक्तिगत लांछनों ने ले ली है।

किसी भी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक पद और जनमत का अपमान है जिसने उस व्यक्ति को चुना है। जब विपक्ष के बड़े नेता अपनी रैलियों में इस तरह की उग्र और अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं। आतंकवादी वह होता है जो निर्दोषों का लहू बहाता है और राज्य की संप्रभुता को चुनौती देता है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को, चाहे उसकी नीतियां कितनी भी विवादास्पद क्यों न हों, इस श्रेणी में खड़ा करना भाषाई दिवालियापन की पराकाष्ठा है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि राजनीति में अब विरोध का अर्थ केवल नीतिगत आलोचना नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिद्वंद्वी का चरित्र हनन करना और उसे जनता की नजरों में एक अपराधी के रूप में पेश करना मुख्य उद्देश्य बन गया है। दुर्भाग्यवश, यह भाषाई गिरावट एकतरफा नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के नेताओं की ओर से भी समय-समय पर विपक्ष के प्रति ऐसी टिप्पणियां की गई हैं जो किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार कर सकती हैं। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार नेताओं द्वारा विपक्ष को देशद्रोही, विदेशी एजेंट, शहरी नक्सल, दीदी ओ दीदी, दीमक और आंदोलनजीवी कह देना भी उसी दूषित मानसिकता का हिस्सा है। जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों को शत्रु समझने लगते हैं, तो संवाद के दरवाजे बंद हो जाते हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं के भीतर से लेकर सोशल मीडिया के डिजिटल गलियारों तक, आज भाषा के जो अस्त्र इस्तेमाल हो रहे हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक मर्यादा की परिधि से बाहर हैं।

नेताओं के बीच शब्दों का चयन अब शालीनता की कसौटी पर नहीं, बल्कि इस बात पर तय होता है कि कौन सा शब्द अधिक से अधिक सुर्खियां बटोर सकता



है और समर्थकों की भीड़ को उत्तेजित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के राजनीतिक आकाश में अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सुषमा स्वराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज रहे हैं, जिनके बीच वैचारिक मतभेद हिमालय की तरह ऊंचे थे, लेकिन उनके शब्दों में एक गरिमा और मर्यादा होती थी। संसद व चुनावी सभाओं में तीखे प्रहार होते थे, लेकिन उन प्रहारों में भी एक साहित्यिक लालित्य और संसदीय शिष्टाचार होता था। आज के दौर में वह शिष्टाचार कहीं खो गया है। आज के नेताओं के लिए भाषा अब विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक हिंसक हथियार बन गई है। जब बड़े नेता मंच से नीच, नालायक या जहर की खेती जैसे शब्दों का उच्चारण करते हैं, तो वे अपनी युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां असहमति का उत्तर केवल गाली और अपमान से दिया जाता है। इस भाषाई संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव आम जनता और समाज की मानसिकता पर पड़ता है। राजनीतिज्ञ समाज के लिए रोल मॉडल होते हैं। जब वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तो समाज के निचले स्तरों पर भी वैसी ही कटुता और असहिष्णुता घर कर लेती है। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और हिंसक बहसें इसी भाषाई पतन का विस्तार हैं। राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन जो शब्द एक बार बोल दिए जाते हैं, वे समाज के मानस पटल पर स्थायी घाव छोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना या विपक्ष के नेता को अपमानजनक उपनामों से पुकारना, अंततः देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता को विश्व पटल पर कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक पद तथा संस्थाओं की गरिमा और भाषाई शुचिता का बना रहना जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना प्राणवायु की तरह है, लेकिन आलोचना का आधार तथ्य और तर्क होने चाहिए, न कि गालियां और व्यक्तिगत आक्षेप। यदि विपक्ष सरकार की नीतियों से असहमत है, तो उसे आंकड़ों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष को भी विपक्ष के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर देना चाहिए। जब तक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी और शत्रु के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं होगा, तब तक इस भाषाई संकट से मुक्ति मिलना असंभव है। अंततः, यह जिम्मेदारी केवल नेताओं की ही नहीं, बल्कि मतदाताओं की भी है। जब तक जनता अमर्यादित भाषा बोलने वाले नेताओं को पुरस्कृत करती रहेगी और उनकी रैलियों में तालियां बजाती रहेगी, तब तक राजनीतिक दल अपनी शैली बदलने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

हमें एक ऐसे राजनीतिक परिवेश की आवश्यकता है, जहां विचारों का संघर्ष हो, शब्दों का युद्ध नहीं। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब भाषा में शालीनता हो, व्यवहार में विनम्रता हो और विरोध में भी सम्मान का पुट हो। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विपक्ष की भूमिका, दोनों ही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि इनमें से किसी के प्रति भी भाषाई अनाचार होता है, तो वह पूरे लोकतंत्र के ढांचे को हिला देता है। सभी राजनीतिक दल एक साथ मिलकर एक आचार संहिता बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि चुनावी जीत की होड़ में वे अपनी सभ्यता और भाषाई विरासत को पीछे न छोड़ दें। लोकतंत्र को बचाने के लिए केवल संविधान की रक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भाषा की रक्षा भी जरूरी है जो हम एक-दूसरे के प्रति प्रयोग करते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

यातायात
प्रमोद भार्गव



# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग


निसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इसकी चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए है। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए, परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति रडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गष्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गष्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं, किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में जब से ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है। वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग : कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा-जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूं। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला-यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### आखिर क्यों टूट रहे हैं छात्र

भारतीय तकनीकी शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान, जिन्हें कभी 'सपनों की फैक्टरी' कहा जाता था, आज कई युवाओं के लिए मानसिक दबाव के कारखाने बनते जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में महज़ दो महीनों के भीतर चार छात्रों की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल चार जिंदगियों का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की विफलता है जो प्रतिभा को तराशने के बजाय उसे तोड़ रहा है। फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच हुई ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक खतरनाक सिलसिले का संकेत देती हैं, जहां एक घटना के बाद दूसरी घटना घटती चली जाती है, जैसे निराशा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल रही हो। सवाल यह है कि छात्र क्यों आत्महत्याएं कर रहे हैं।

*- विकास यशकीर्ति, भिवानी*

## करंट अफेयर

### पाक के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमान कंपनियों पर प्रतिबंध



पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि 'सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।' यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए।

## ऑफ बीट

### डिजिटल तकनीक प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रही



प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है - ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।

## ट्रेंड

### टीएमसी की सरकार गिरेगी



तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में बंगाल को 50 साल पीछे धकेल दिया है। दशकों से युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है, किसानों की उपज की कालाबाजारी की गई दमदम में उमड़ रहा उत्साह इस बात का संकेत दे रहा है कि जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस की यह सरकार गिरने वाली है।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की मानसिकता



कांग्रेस पार्टी के लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इन लोगों से कुछ भी कहना समय की बर्बादी है। और जब समय आएगा, तो कांग्रेस का आज जो हाल है, कल उनका हाल उससे भी बदतर होगा।

**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ममता दीदी को समर्थन



ममता दीदी से मैंने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। वह एक बेहद कठिन लड़ाई लड़ रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक है। मोदी जी हारेंगे, चाहे उन्होंने सभी संस्थानों का दुरुपयोग ही क्यों न किया हो।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### विनम्र श्रद्धांजलि



पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को बरसी पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही क्षमा करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल : रविन्द्र ने 43 रन बनाए और एक विकेट भी झटका

# जडेजा के हरफनमौला खेल से राजस्थान ने लखनऊ को 40 रन से दी करारी शिकस्त

भाषा ▶▶| लखनऊ

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया। राजस्थान रॉयल्स ने आठ विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

■ आर्चर ने तीन और नांद्रे बर्गर ने दो विकेट लिए

जोफ्रा आर्चर (20 रन पर तीन विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर दो विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर दो विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर एक विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया। सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 41 गेंदों में सबसे ज्यादा 55 रन का योगदान दिया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी और का साथ नहीं मिला। उनके अलावा निकोलस पूरन (22) और हिम्मत सिंह (15) ही दोहरे अंक में रन बना सके। इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में सुपर जायंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को कम स्कोर पर रोका लेकिन सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के प्रयास को जाया कर दिया। यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है।



मैन ऑफ द मैच

अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने जायसवाल और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया। जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर 8 रन) और शिमरॉन हेटमायर को अलग-अलग स्पेल में आउट किया।

### राजस्थान-159/6

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

अतिरिक्तः 05
कुल योगः 20 ओवर में छह विकेट परः 159 रन
विकेट पतनः 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110
गेंदबाजीः शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### लखनऊ-119/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का पराग बो बर्गर | 55 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 00 |
| ऋषभ पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| एडेन मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 |
| निकोलस पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 |
| मुकुल चौधरी का पराग बो बृजेश | 07 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 |
| मयंक यादव का जुरेल बो आर्चर | 02 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 |

अतिरिक्तः 07, कुल योगः 18 ओवर में सभी आउटः 119 रन, विकेट पतनः1-9, 2-10, 3-11, 4-54, 5-91, 6-105, 7-111, 8-113, 9-119
गेंदबाजीः आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

### मुंबई और चेन्नई में महामुकाबला आज

**मुंबई।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

## आईपीएल में फूटा 'स्मोकिंग बम'

### सिगरेट पीते हुए रबाडा की क्लिप वायरल?



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के बीच एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा होटल में सिगरेट पीते नजर आए। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साबित नहीं हो सकी है, लेकिन फैंस के बीच इसको लेकर बहस तेज हो गई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रबाडा जैसे दिखने वाले शख्स को सिगरेट पीते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का हो सकता है, लेकिन इसकी लोकेशन और समय की पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें टीम से जुड़ा बताया जा रहा है, मगर उनकी पहचान भी साफ नहीं हो सकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। गौरतलब है कि रबाडा इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह पर्पल कैप की रेस में फिलहाल सातवें स्थान पर हैं और 6 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उनका औसत 22.20 और इकॉनमी रेट 9.73 रहा है।

#### पुराना विवाद भी आया चर्चा में

इस वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना अनुशासनात्मक रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टिट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह टूर्नामेंट बीच में छोड़कर गए थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़े थे। हालांकि, डोपिंग मामले की पूरी जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई थी, जिससे अटकलों को हवा मिली थी।

#### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

सीजन की शुरुआत में भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युजवेंद्र चहल को कथित तौर पर धूम्रपान करते और गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया था। हालांकि, उस वीडियो की भी पुष्टि नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को हराया, बना अंडर 19 चैंपियन



**देहरादून।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नील मुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उलट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।



#### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

#### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीज़न में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज़्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीज़न में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालाँकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नज़र आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज़ में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज़ दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं। वीडियो में, जैसे ही धोनी की नज़र कैमरे पर पड़ती है, वह अपने जाने-पहचाने बिहारी अंदाज़ में बात करना शुरू कर देते हैं। फैंस को माही का यह खास अंदाज़ बहुत पसंद आता है।



#### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

## भारत को नौ विकेट से रौंद कर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाई

**जोहानिसबर्ग (भाषा)।** दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को नौ विकेट से शिकस्त देकर सीरीज में 3-0 की बढ़त कायम कर ली। भारत ने चार विकेट पर 192 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस के साथ उनकी 183 रन की साझेदारी की बदौलत टीम ने 16.3 ओवर में ही एक विकेट पर 193 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए श्रेयंका पाटिल ने एकमात्र सफलता हासिल की।



## बिनु ने बनाया 9 अंडर का स्कोर, हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| लुबुम्बाशी



युवा गोल्फर शौर्य बिनु ने अफ्रीकी चरण में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 9 अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर ली। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी पिछले दो हफ्तों में अफ्रीकी चरण में दो बार शीर्ष 10 में जगह बना चुका है। उन्होंने गोल्फ क्लब लुबुम्बाशी में पहले दौर में एक अंडर 72 के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में 9 अंडर का शानदार स्कोर बनाया। इससे वह 36 होल के बाद 10 अंडर पर पहुंच गए। वह चार अन्य चार खिलाड़ियों से दो शॉट आगे हैं।

टेनिस

## टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहा स्पेन का एक और 'राफा'



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है, जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है। अल्काराज के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे।

#### मार्च में जोडर ने किया शीर्ष 100 में प्रवेश

*जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा, 'मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा।' उन्होंने कहा,'मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।*

एशियाई चैंपियंस लीग

## माचिदा जेलविया की फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।




स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट

## रियाल मैड्रिड ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर 4 मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियाल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं। बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी। उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था।






## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन



### सुखोई-मिराज की गर्जना

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हो गया है। सबसे पहले वायु सेना के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की फिर जगुआर ने उड़ान भरी। सुखोई, मिराज और तेजस के 9 फाइटर जेट्स ने टेकऑफ और लैंडिंग की। शो 6 घंटे तक चला।

## पीएम मोदी ने जान गंवाने वाले मासूमों को किया याद, कहा-भारत कभी नहीं झुकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को 22 अप्रैल को एक साल पूरा हो गया है और इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जो आज भी इस अपार दुख को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा और न ही कभी आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कामयाब होंगे।



हमले में मारे गए मासूमों के स्मारक पर श्रद्धांजलि देते लोग

### दुख की घड़ी में एकजुट



पीएम मोदी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पिछले साल आज ही के दिन, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को हम याद कर रहे हैं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा।

### शहीदों के परिवार का दुख देश का दुख



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश इस कायराना हमले को न भूलेगा, न दोषियों को माफ करेगा।

### जर्मनी में पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

*कहा- पीएम का दृष्टिकोण संतुलित*

# भविष्य में वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारत

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है*

बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति की दिशा में प्रयास किए हैं, लेकिन हर चीज का एक सही समय होता है। पश्चिम एशिया संकट पर उन्होंने कहा कि हो सकता है आने वाले समय में भारत इस दिशा में अहम भूमिका निभाए और सफल भी हो। उन्होंने यह भी बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों से युद्ध खत्म करने की अपील की है और उनका रुख हमेशा संतुलित रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हमेशा संतुलित और समझदारी भरी विदेश नीति अपनाई है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी कई देशों के नेताओं से सीधे बातचीत की है।



भारतीय समुदाय को संबोधित करते राजनाथ सिंह

उन्होंने बताया कि जब पीएम ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की, तब भी शांति और समाधान पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री ने वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं है। यही कारण है कि न तो अमेरिका भारत को दुश्मन मानता है और न ही ईरान। राजनाथ सिंह ने भारत की कूटनीति की सराहना करते हुए कहा कि इसी संतुलित नीति की वजह से भारत के जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजर पाए, जबकि उस समय कई देशों के जहाजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**भारत का रुख किसी एक पक्ष के खिलाफ नहीं**

**जर्मनी यूरोप में सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार**

### रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि



*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी केवल राजनीतिक और रणनीतिक संबंध ही साझा नहीं करते, बल्कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच गहरा उत्साह और जुड़ाव है। राजनाथ सिंह ने बताया कि उन्हें हम्बोल्ट विश्वविद्यालय जाने का अवसर मिला, जहां उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।*

### जर्मनी के साथ संबंध लगातार मजबूत हुए

*यह उनका जर्मनी का पहला दौरा है और वे वहां के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के निमंत्रण पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और वर्ष 2026 दोनों देशों के लिए खास है, क्योंकि इस साल उनके कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। पिछले 70 वर्षों में भारत और जर्मनी के बीच हर क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। आज जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है। भारत में 2,000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं, जो देश के औद्योगिक विकास और 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा दे रही हैं। वहीं कई भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी मजबूत मौजूदगी बना रही हैं।*

### ईरान युद्ध का भारत पर कम असर

पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इस संकट का भारत पर सबसे कम असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चा तेल, ऊर्जा, एलपीजी और अन्य आवश्यक वस्तुओं का देश में पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि पीएम के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों की एक समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता वह स्वयं कर रहे हैं। यह समिति हर सप्ताह बैठक कर स्थिति की समीक्षा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि फिलहाल कोई विशेष समस्या नहीं है और सरकार हर हालात पर नजर बनाए हुए है।

### भारतीय समुदाय 'लिविंग ब्रिज'

रक्षा मंत्री ने कहा कि बर्लिन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत कर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत और जर्मनी के बीच लिविंग ब्रिज बताया और कहा कि हाल के वर्षों में यह समुदाय एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने भारत की तेज आर्थिक प्रगति और तकनीकी विकास को रेखांकित किया, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप्स, अंतरिक्ष और डिजिटल इनोवेशन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।




## बेंगलुरु में बॉयफ्रेंड को कुर्सी से बांधकर जिंदा जलाया

- युवती ने सरप्राइज का झांसा देकर आंखों पर पट्टी, हाथ-पैर बांधे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में पुलिस ने बुधवार को एक युवती को बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, युवती ने 21 अप्रैल को सरप्राइज देने का झांसा देकर युवक की आंखों पर पट्टी बांधी। फिर कुर्सी पर बैठाकर रस्सी से हाथ-पैर बांधे और जिंदा जला दिया। युवती ने बॉयफ्रेंड की मौत का वीडियो भी बनाया। आरोपी प्रेमा और मृतक किरण, दोनों 27 साल के थे। दोनों शहर के राजाजीनगर स्थित मोबाइल स्टोर में साथ काम करते थे और करीब दो साल से रिलेशनशिप में थे। घटना शहर के ब्यादरहल्ली इलाके में प्रेमा के घर पर दोपहर करीब 2 बजे हुई। प्रेमा के परिवार के लोग घर पर नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर उसने किरण को बुलाया और हत्या कर दी। किरण तुमकुरु जिले के चिक्कनायकनहल्ली का रहने वाला था।

## पति ने 'नाइट ड्रेस' पहनने पर पत्नी को आग के हवाले किया

- कर्नाटक के बेलगावी में पत्नी के साड़ी नहीं पहनने पर हुई बहस

**बेलगावी (कर्नाटक)(भाषा)।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था वहां से गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28